## एक नजर में

### लक्ष्यगत हस्तशेप परियोजना के कार्य क्षेत्र पर की चर्चा

**ग्वालियर 5 नवम्बर .** फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया की ग्वालियर ब्रांच की गुना परियोजना के कार्य क्षेत्र पर नीलम दीक्षित के नेतृत्व में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें समस्त स्टाफ को से उनके कार्य चित्र पर जाना एवं आगामी लक्ष्य पर जानकारी साथी रिकॉर्ड संबंधित कार्य निर्देश दिए सभी स्टाफ के परफॉर्मेंस पर भी चर्चा की। संस्था के कार्यक्रम अधिकारी अच्छेद्र सिंह कुशवाहा द्वारा परियोजना के सभी कार्यक्रमों पर चर्चा की तथा कार्यक्रमों को रूपरेखा पर जानकारी दी। शादी होने कार्यक्रम की रिकॉर्ड भी चेक की है। कार्यक्रम में संस्था के लेखा अधिकारी आशीष सोनी द्वारा समस्त लेखा-जोखा पर चर्चा की एवं अकाउंट के कार्य क्षेत्र पर चर्चा की एवं उन्हें निरीक्षण किया। कार्यक्रम में संस्था के मॉनिटरिंग एंड इवोल्यूशन ऑफिसर मोनू राय द्वारा सभी को जानकारी दी एवं कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान संस्था के परियोजना अधिकारी आशीष सिंह सेंगर एवं का परामर्शदाता संगीता कौर के साथ-साथ समस्त आउटेज वर्कर सीमा खान नंदिनी नवदीप पार्वती विशाल आरोन एवं संस्था की संपूर्ण सुरक्षा केंद्र की ओर से चांदनी पल्लवी एवं अर्जुन साहू ने अपने-अपने कार्य क्षेत्र दिखाएं द्वारा अपने-अपने रिकॉर्ड चेक करेंगे. संस्था की जनरल मैनेजर नीलम दीक्षित एवं कार्यक्रम अधिकारी अच्छेद्र सिंह कुशवाह ने गुना जिला चिकित्सालय में भी भ्रमण किया साथी उन्होंने आईसीटीसी के काउंसलर सचिन भार्गव से भी चर्चा करो संपूर्ण सुरक्षा केंद्र के कार्यों पर भी जानकारी ली इस अवसर पर परियोजना मैनेजर श्रीमती चांदनी एवं परामर्श दादा लाल सिंह भी उपस्थित थे।

### श्री दादाजी धाम में धूमधाम से मना सन्त दादाजी महाराज का जन्मोत्सव

ग्वालियर- संत शिरोमणि श्री दादाजी महाराज का मंगल जन्म महोत्सव श्री दादाजी धाम धर्मपुरी मंदिर मंदिर में बड़े ही धूमधाम भक्ति भाव के साथ सानंद मनाया गया। संस्था के श्री दयालदास ने बताया सर्वप्रथम श्री श्री 1008 श्री जगत गुरु स्वामी रामेश्वरानंद जी महाराज द्वारा बड़े गुरु महाराज जी का चरण वंदन, चंदन चर्चा कर आरती पूजन किया गया। अपनी ओजस्वी वाणी से गुरु महाराज की महिमा का बखान कर उनका जीवन परिचय आदि बताया। उन्होंने बताया कि संत जगत में बड़े काम को आते है मिटाते भय मारने का अमर बनना सिखाते है. भक्तों द्वारा सद्गुरु महिमा के भजन गाए गए, जिसे सुनकर सभी भक्त जन भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर पूज्य महाराज जी द्वारा मिल्ककेक काटा गया जो सभी भक्तों में वितरण किया गया । तत्पश्चात गुरु महाराज जी को अन्नकूट महाप्रसाद का भोग अर्पित कर सभी भक्तों में वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्त श्रद्धालु उपस्थित थे।

### रामकथा सुनने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं : माधवाचार्य

ग्वालियर। न्यू जवाहर कॉलोनी, उपाध्याय नर्सिंग होम के पीछे 7 दिवसीय रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत बुधवार को कुशवाह कॉलोनी स्थित बीजासेन माता मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए न्यू जवाहर कॉलोनी स्थित कथा स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं। इस अवसर पर कथा व्यास प्रज्ञा चक्षु माधवाचार्य महाराज ने कहा कि रामकथा सुनने से व्यक्ति के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। आज के युग मे हमें प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। कलश यात्रा के दौरान कारे लाल सिंह राजावत, बृजबिहारी वाजपेई, डॉ. जितेंद्र सिंह राजावत, रामनरेश सिंह भदौरिया सिर पर रामायण लेकर चल रहे थे। वहीं बग्गी पर प्रज्ञा चक्षु माधवाचार्य विराजमान थे। इस अवसर पर केएल सिंह राजावत, जगदीश सिंह भदौरिया, डॉ. जितेंद्र सिंह राजावत, संतोष सिंह राठौड़, अमर सिंह चौहान, सुनील त्रिपाठी, अवध बिहारी वाजपेई, रामरतन पटवारी, रामप्रसाद, राजेंद्र गुरेले, राजकुमार भदौरिया, मोनू, सोनू परमार, राजेश आदि लोग उपस्थित रहे।

### सिद्ध श्री डोंगर बाबा का विशाल मेला भंडारा आयोजित

ग्वालियर। कोली समाज मिलन सम्मेलन ग्राम गिजौर्रा तहसील डबरा जिला ग्वालियर में बड़ी धूम धाम से आयोजित हुआ। मेले के मुख्य अतिथि दिनेश शाक्य सीईओ एवं डीपी शंखवार थे। मेले की अध्यक्षता धर्मजीत चंदोरिया ने की। मुख्य अतिथियों ने कहा बिन मांगे सब कुछ मिल जाता है बाबा के दरबार में बाबा के आशीर्वाद से किसी भी प्रकार के चर्म एवं कुष्ठ रोग सही हो जाते हैं। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन कमल किशोर कोरी ने किया मेले में अतिथि कन्हैया लाल बजरेठिया, विद्याराम धारीवाल ,डॉक्टर परमानंद मंगल चंदोरिया, किशोरी लाल उमरिया ,चेतराम ग्वारे, कुंदन खजूरिया , लक्ष्मण नरौलीया, राकेश अतरौलिया डॉक्टर अनूप किशोर, इंजीनियर विमल आर्य हेमचंद शाक्य ,हरकिशोर शाक्य , वीरेंद्र परसेडिया, सुषमा आर्य बंधु ,श्रीमती सावित्री श्रीमती शांति देवी परसेडिया, गिर्राज चंदोरिया एवं अन्य समाज बन्धुओं ने बाबा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।



# लाखों श्रद्धालुओं ने किए भगवान कार्तिकेय के दर्शन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 नवम्बर.** कार्तिक पूर्णिमा पर आज देव दिवाली मनाई गई। मंदिरों में भगवान के दर्शन के लिए भक्तों की अपार भीड़ रही। रात 12 के बाद से ही जनकगंज स्थित प्राचीन श्री कार्तिकेय मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और श्रद्धालु भक्ति-भाव के साथ अपनी बारी आने पर भगवान के दर्शन कर रहे हैं। जनकगंज स्थित भगवान कार्तिकेय मंदिर के पट मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे खुले। इसके बाद पुजारियों ने भगवान की

**दर्शनों के लिए उमड़ी भीड़,पुलिस ने संभाली व्यवस्थाएं, लाइन लगवाकर करवाए दर्शन**

प्रतिमा को स्नान कराकर अभिषेक कराया। पट खुलने के बाद रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में दर्शनों के लिए आना शुरू हो गई। साफ-सफाई और प्रतिमा के अभिषेक के बाद मंदिर के पट बंद कर दिए गए।

**साल में एक दिन खुलता है मंदिर**- मंदिर साल में एक ही दिन कार्तिक पूर्णिमा को खोला जाता है। कार्तिक पूर्णिमा को भगवान कार्तिकेय का अवतरण दिवस भी होता है। जीवाजीगंज स्थित कार्तिकेय मंदिर 400 साल पुराना है। इस मंदिर के पट साल में एक दिन कार्तिक पूर्णिमा को ही खोले जाते हैं। इस दिन श्रद्धालु भगवान कार्तिकेय के दर्शन कर आशीर्वाद लेते हैं। मंदिर के पुजारी ने बताया कि मान्यता है कि साल में एक बार खुलने वाले मंदिर में श्रद्धालु जो मांगते है वह उन्हें मिलता है। रात में मंदिर के पट एक साल के लिए फिर बंद कर दिए गए

### लगा मेला, दुकानों पर रही भीड़

बुधवार तड़के मंदिर के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए। वहीं भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर के आसपास बड़ी संख्या में दुकानें भी सज गई हैं। सुबह से ही मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। हर किसी को भगवान कार्तिकेय के दर्शनों की जल्दी है। पट आज बुधवार की रात 12 बजे तक भगवान के दर्शन के लिए खुले रहे।

### संभावित धर्मांतरण की सूचना मिलने पर जांच समिति गठित

**ग्वालियर 5 नवम्बर.** संभावित धर्मांतरण की सूचना प्राप्त होने पर जिला प्रशासन द्वारा तीन सदस्यीय जाँच कमेटी का गठन किया गया है। जाँच समिति को पाँच दिवस में जाँच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए हैं। अपर जिला दण्डाधिकारी श्री सी बी प्रसाद ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने पर एक तीन सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया गया है। इस कमेटी में अनुविभागीय दण्डाधिकारी मुरार श्री नरेशचंद गुप्ता, एसडीओपी बेहट श्री मनीष यादव एवं रजिस्ट्रार फर्म एण्ड सोसायटी ग्वालियर श्री बाबूलाल सोलंकी को रखा गया है। गठित समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया है कि उपरोक्त विषय के संबंध में प्राप्त शिकायत के आधार पर जांच कर अपना प्रतिवेदन पाँच दिवस में जिला प्रशासन को प्रस्तुत करें।

जाँच कमेटी के आदेश के उपरांत समिति के सदस्य अनुविभागीय अधिकारी मुरार श्री नरेशचंद गुप्ता एवं एसडीओपी बेहट श्री मनीष यादव द्वारा बुधवार 5 नवम्बर को मुरार तहसील के बड़ागांव ग्राम खेरियामोदी में स्थित सेंट जोसेफ सेमीनरी में शिकायत की जांच की गई। सेंट जोसेफ सेमीनरी के प्रभारी फादर हर्सल ए. एक्स ने बताया कि वर्तमान में संस्था में 23 बच्चे प्रशिक्षु निवासरत हैं, सभी प्रशिक्षु बच्चे दसवीं कक्षा उत्तीर्ण हैं।

जाँच कमेटी को संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी बच्चों के दस्तावेजों के प्रारंभिक परीक्षण में सभी बच्चों का ईसाई धर्म से संबंध होना पाया गया है।

# जूडा ने व्यवस्था सुधारने जेएएच अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 नवम्बर.** जयारोग्य अस्पताल समूह की व्यवस्थाएं बेपटरी हो गई हैं। इनमें सुधार के लिए जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ.पूजा रावत, सचिव डॉ.हेमंत सिंह और उपाध्यक्ष डॉ.धुआराम गुर्जर ने जेएएच अधीक्षक डॉ.सुधीर सक्सेना को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से व्यवस्थाओं में सुधार के लिए अल्टीमेटम दिया है और कैज्युअल्टी से लेकर वार्डों की स्थिति से अवगत कराया है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने इन अव्यवस्थाओं में जल्द से जल्द सुधार का आश्वासन दिया है।

डॉ.पूजा ने जेएएच अधीक्षक को दिए ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ट्रॉमा सेंटर और कैज्युअल्टी में प्राइवेट अस्पतालों के दलाल आकर बैठ रहे हैं। इनसे मरीज, स्टाफ और विशेषकर जूनियर डॉक्टर अपने आपको असुरक्षित महसूस करते हैं। इसलिए इन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाते हुए ट्रॉमा और कैज्युअल्टी के प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा कर्मियों को 24 घंटे तैनात रखा जाए। आने-जाने वालों की एंट्री हो और दलालों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए। सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए और उनकी निगरानी की व्यवस्था की जाए। रात्रिकालिन ड्यूटी के दौरान महिला जूनियर रेसिडेंट की सुरक्षा के लिए सख्त इंतजाम किए जाएं, ताकि वह भयमुक्त वातारण में कार्य स्थल पर उपस्थित हो सकें। वहीं डॉ.धुआराम गुर्जर ने बताया कि एक माह से अधिक समय से सी-ब्लॉक की लिफ्टें खराब हैं। इन्हें दुरुस्त कराया जाए। ताकि अस्पताल में आने वाले वृद्ध, दिव्यांग, गंभीर रोगियों को तत्काल इलाज मिल सके।

इन खामियों की ओर भी खींचा ध्यान। अस्पताल के गलियारों और वार्डों के आस-पास मेडिकल वेस्ट, प्लास्टिक की बोतलें इस्तेमाल की गई सिरिंजें, कार्डबोर्ड और गंदगी के ढेर लगे रहते हैं।- अस्पताल की दीवारों और फर्श की हालत भी चिंताजनक है- कई जगहों पर गंदगी और मैल जमा हुआ है।

### मेले में दुकानों के लिये ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम दिन

**ग्वालियर 5 नवम्बर.** ग्वालियर व्यापार मेला वर्ष 2025-26 के आयोजन की तैयारियां जारी हैं। वर्तमान में मेले की दुकानों का एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर आवंटन चल रहा है। ग्वालियर व्यापार मेला वर्ष 2025-26 के आयोजन में आज दिनांक तक कुल 1117 दुकानों के ऑनलाइन आवेदन किये जा चुके हैं।

# तकनीकी नवाचार से ही बनेगा आत्मनिर्भर भारत : शेजवलकर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 5 नवम्बर.** एमिटी विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान द्वारा राष्ट्रीय स्तर का 24 घंटे का हैकथॉन 'हैकसेतु 1.0' आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम इनोवेशन एवं इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज विषय पर केंद्रित रहा। देशभर के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लेकर अपने नवाचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि डीआरडीई ग्वालियर के वैज्ञानिक डॉ. ए. सी. पांडेय और साइबर एक्सपर्ट सीएसपी महाराजपुरा नागेंद्र सिंह सिकरवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) आर. एस. तोमर ने युवाओं को डिजिटल सुरक्षा और स्वदेशी तकनीक के विकास में योगदान देने की प्रेरणा दी। वहीं प्रो चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी के शर्मा, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) ने विद्यार्थियों से तकनीकी नवाचारों को समाज के

**एमिटी विवि में आयोजित हुआ राष्ट्रीय स्तर का हैकथॉन 'हैकसेतु 1.0'**

**एमआईटीएस ग्वालियर की टीम 'मंथन' रही प्रथम, चेन्नई और भोपाल की टीमों ने भी जीते पुरस्कार**

कल्याण से जोड़ने का आह्वान किया।

समापन सत्र में पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर ग्वालियर विवेक नारायण शेजवलकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीमों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि तकनीकी नवाचार ही भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में सबसे बड़ी शक्ति हैं। युवाओं को अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में लगानी चाहिए।

प्रतियोगिता में एमआईटीएस ग्वालियर की टीम 'मंथन' ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार चेन्नई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, तमिलनाडु की टीम 'डायनामाइट' को मिला, जबकि तृतीय पुरस्कार सिस्टेक भोपाल की टीम 'कोड सिनर्जी' को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. समता जैन गोयल ने किया। इस अवसर पर इंजीनियरिंग संस्थान प्रमुख प्रो. (डॉ.) विकास ठाडा सहित विश्वविद्यालय के प्रो वाइस चांसलर (रिसर्च) डॉ एम पी कौशिक, रजिस्ट्रार डॉ राजेश जैन सहित सभी संकाय सदस्य, विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती मीनाक्षी राजपूत पत्नी श्री विनोद सिंह धाकड़ पुत्री श्री ब्रजबिहारी राजपूत ने उक्त अचल सम्पति प्लॉट क्र. 01 ब्लॉक ए स्थित परमआशीष ईस्ट स्टेट शिवपुरी लिंक रोड ग्राम चिरवाई जिला ग्वालियर में है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 59 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेतागण की पैत्रिक सम्पति लेखराज पुत्र श्री कीमतराम जेठवानी एंव श्रीमती लाजवंती जेठवानी पत्नी श्री धनराज जेठवानी सयुक्त सम्पति है। लेकिन लेखराज पुत्र श्री कीमतराम जेठवानी की मृत्यु हो गई और लेखराज के वारिसान धनराज, ईश्वरीलाल, पवन जेठवानी, श्रीमती परमेश्वरी देवी मे धनराज एंव ईश्वरीलाल व श्रीमती परमेश्वरी देवी की मृत्यु हो गई और धनराज जेठवानी के वारिसान पुत्रिया श्रीमती सपना, सविता, श्रीमती रेनू, सविता, श्रीमती पूजा पुत्रिया स्व. श्री धनराज जेठवानी और ईश्वरीलाल के वारिसानो में पुत्रियां श्रीमती पूनम एंव श्रीमती मिताली जेठवानी एंव श्रीमती परमेश्वरी देवी के वारिसान में मनोज जेठवानी की भी मृत्यु हो गई और मनोज जेठवानी के वारिसान में श्रीमती रेनू, चाहत, भाविका एंव गौरव मे श्रीमती रेनू, चाहत, भाविका के द्वारा मु. आम गौरव जेठवानी पुत्र स्व. श्री मनोज जेठवानी को नियुक्त किया गया और सभी अपने अपने हिस्से की मालिक व काबिज होकर वारिसानों के द्वारा अपने हिस्से का मु. आम श्रीमती लाजवंती जेठवानी पत्नी स्व. श्री धनराज एंव गौरव जेठवानी पुत्र स्व. श्री मनोज जेठवानी को नियुक्त किया गया । मेरी पक्षकारा के द्वारा किये गये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है :-पूर्व में - कालोनी रोड, पश्चिम में - प्लॉट क्र ए-17, उत्तर में-प्लॉट क्र ए-02, दक्षिण में-कालोनी मेन रोड जिसका कुल क्षेत्रफल 2685.48 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के द्वारा विक्रेतागण श्रीमती लाजवंती जेठवानी पत्नी स्व. श्री धनराज स्वंय एंव श्रीमती रेनू चाहत, भाविका एंव गौरव व सपना, सविता, श्रीमती रेनू, सविता, श्रीमती पूजा की मु. आम श्रीमती लाजवंती जेठवानी एंव श्रीमती रेनू, चाहत, भाविका के द्वारा मु. आम गौरव जेठवानी एंव श्रीमती पूनम एंव श्रीमती मिताली जेठवानी के द्वारा अचल सम्पति प्लॉट क्र. 01 ब्लॉक ए कुल क्षेत्रफल 2685.48 वर्गफुट को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या विक्रेता के परिवारिक किसी भी सदस्य को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा क्रयशदा अचल सम्पति प्लॉट क्र. 01 ब्लॉक ए कुल क्षेत्रफल 2685.48 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है, जो सुचित हो।

दिनांक-05.11.2025
स्थान-ग्वालियर
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी न.2992843N रैंक हवलदार गोविन्द सिंह तोमर (सेवानिवृत्त) निवासी- म.न.- 46, ब्लॉक 4/5A, फेस-1, शताब्दीपुरम, पोस्ट- गोले का मन्दिर, जिला- ग्वालियर (म.प्र.) सूचित करता हूँ कि मेरे आर्मी दस्तावेजों में मेरी माताजी का नाम मुन्नी देवी (MUNNI DEVI) एवं जन्मतिथी 01.07.1954 है जोकि गलत दर्ज है। जबकि आधार कार्ड, पेनकार्ड आदि के अनुसार उनका नाम मुन्नी देवी तोमर (MUNNI DEVI TOMAR) एवं जन्मतिथी 02.02.1955 हैं। जो कि सत्य व सही हैं। जोकि मेरे आर्मी दस्तावेजों में दर्ज किया जाए।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी न. 2992843N रैंक हवलदार गोविन्द सिंह तोमर (सेवानिवृत्त) निवासी म.न. 46, ब्लॉक-4/5A, फेस-1, शताब्दीपुरम, पोस्ट - गोले का मन्दिर, जिला - ग्वालियर (म.प्र.) सूचित करता हूँ कि मेरे आर्मी दस्तावेजों में मेरे पिताजी का नाम बानी सिंह तोमर (BANY SINGH TOMAR) एवं जन्मतिथी 01.07.1949 है जो कि गलत दर्ज हैं। जबकि आधार कार्ड, पेनकार्ड आदि के अनुसार उनका नाम बेनी सिंह तोमर (BENI SINGH TOMAR) एवं जन्मतिथी 02.08.1953 हैं। जो कि सत्य व सही है। जो कि मेरे आर्मी दस्तावेजों में दर्ज किया जाए।



## प्रतिबंधित एल्यूमीनियम फास्फेट के निर्माण, भण्डारण, विक्रय एवं उपयोग को सख्ती से रोकें

**ग्वालियर 5 नवम्बर.** एल्यूमीनियम फास्फेट का निर्माण, विक्रय एवं सामान्य जन द्वारा किसी भी प्रकार का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों, तहसीलदार व नायब तहसीलदार, उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में सतत भ्रमण कर एल्यूमीनियम फास्फेट के निर्माण, भण्डारण, विक्रय एवं उपयोग पर लगे प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराने के लिखित निर्देश जारी किए गए हैं। अपर जिला दण्डाधिकारी श्री सी बी प्रसाद द्वारा जारी किए गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यदि कहीं एल्यूमीनियम फास्फेट का निर्माण, भण्डारण, विक्रय व उपयोग सामने आए तो तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही की गई कार्रवाई से जिला दण्डाधिकारी को अवगत कराएँ।